व्याख्या—राजस्थान में प्रति व्यक्ति आय 1996-97 की चालू कीमतों पर 7992 रु0 थी। वर्ष 2022 में राजस्थान में प्रतिव्यक्ति आय चालू कीमतों पर 135218 रूपए तथा स्थिर कीमतों पर 81231 रूपए है।

1342. राजस्थान में राजपूताना महिला नागरिक सहकारी बैंक ने जिस शहर एवं तिथि से कार्य प्रारम्भ किया वह है—

(a) जयपुर : 30 अगस्त, 1995
(b) उदयपुर : 28 जून, 1993
(c) कोटा : 1 अप्रैल, 1990
(d) जोधपुर : 15 अगस्त, 2000

उत्तर—(a)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या—राजस्थान में राजपूताना महिला नागरिक सहकारी बैंक ने जयपुर में 30 अगस्त, 1995 में कार्य करना प्रारम्भ कर दिया। यह बैंक ने अपने सदस्यों को मकान बनवाने, उद्योग धन्धे लगवाने, व्यवसाय करने आदि कार्यों के लिए ऋण देता थे।

1343.प्रचलित मूल्यों के आधार पर 2007-08 के दौरान राजस्थान में प्रति व्यक्ति आय है –

(a) 20,000 (b) 22,000
(c) 24,000 (d) 18,000

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या — प्रश्नकाल के दौरान विकल्प (d) सही था। वर्तमान में राजस्थान में प्रतिव्यक्ति आय चालू कीमतों पर 135218 रूपए तथा स्थिर कीमतों पर 81231 रूपए है।

1344.राजस्थान के प्रत्येक राज्य में महकमा बकायत होता था, जो—

(a) अच्छी फसल के समय शेष-राजस्व वसूलता था
(b) राजा के बकायों का भुगतान करता था
(c) सरकारी कर्मचारियों की बकाया संग्रह करता था
(d) राजाओं के लिए ऋण संग्रह करता था

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या — राजस्थान के प्रत्येक राज्य में महकमा बकायत होता था, जो राजा के बकायों का भुगतान करता था।

1345. राजस्थान के बजट में राजस्व खाते की वर्तमान स्थिति के संदर्भ में क्या सही है?

(a) राजस्व घाटा चिंताजनक स्थिति में है
(b) राजस्व घाटा नियंत्रण में है
(c) राजस्व घाटा अन्य पड़ोसी राज्यों से कम है
(d) यहाँ राजस्व खाते में आधिक्य है

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2012

व्याख्या – प्रश्नकाल के दौरान राजस्थान के बजट में राजस्व खाते की वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल राजस्व घाटा 2,3489 करोड़ रु. अनंमानित है।

1346. 2004-05 की कीमतों पर वर्ष 2010-11 में राजस्थान के कुल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) में उद्योगों के हिस्से को बताइए –

(a) 13 प्रतिशत (b) 18 प्रतिशत (c) 24 प्रतिशत (d) 30 प्रतिशत

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2012

व्याख्या – वर्ष 2004-05 की कीमतों पर वर्ष 2010-11 में राजस्थान के कुल राज्य घरेलू उत्पाद में उद्योगों का हिस्सा 18% है। वर्तमान में उद्योगों की स्थिति राजस्थान में अच्छी है। आर्थिक समीक्षा 2021-22 के अनुसार द्वितीयक क्षेत्र का राज्य सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी 26.34% है।

1347. राजस्थान सरकार ने बजट 2012 में एक हाइड्रोलॉजी और जल प्रबन्धन संस्थान की स्थापना की घोषणा की है। यह निम्नलिखित में से किस जिले में स्थापित किया जा रहा है?

(a) जोधपुर में (b) जैसलमेर में
(c) बीकानेर में (d) कोटा में

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2012

व्याख्या – राजस्थान सरकार ने बजट 2012 में एक हाइड्रोलॉजी एवं जल प्रबन्धन संस्थान की स्थापना की घोषणा बीकानेर में की। यह संस्थान वर्तमान में कार्यरत है।

1348. वर्ष 2011-12 में राजस्थान के राजकोषीय घाटे का सकल घरेलू उत्पाद में अनुपात था –

(a) 3% (b) 2.5%
(c) 1.9% (d) 0.9%

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या – 1 अप्रैल, 1951 को राजस्थान की पहली पंचवर्षीय योजना की शुरुआत हुई। अब तक कुल 11 पंचवर्षीय योजनाएं एवं 6 वार्षिक योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं। 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) के तहत कृषि में 3.50%, उद्योग में 8%, सेवा में 8.90% वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित था। वर्ष 2011-12 में राजस्थान के राजकोषीय घाटे का राज्य का घरेलू उत्पाद में अनुपात 0.9% था। 2022-23 में सकल राजकोषीय घाटा 4.36% अनुमानित है।

1349. राजस्थान के सामान्य थोक मूल्य सूचकांक का आधार वर्ष है

(a) 1999-2000 (b) 2005-2006
(c) 2010-2011 (d) 2011-2012

उत्तर (a)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- राजस्थान के सामान्य थोक मूल्य सूचकांक का आधार वर्ष 1999-2000 है।

1350. वर्ष 2017-18 में राजस्थान में स्थिर कीमतों (2011-12) पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर थी

(a) 7.16% (b) 4.5%
(c) 6.23% (d) 10.67%

उत्तर (a)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- वर्ष 2017-18 में राजस्थान में स्थिर कीमतों (2011-12) पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर स्थिर कीमतों पर 7.16% और चालू कीमतों पर 10.67% रही। वर्तमान में GDP वृद्धि दर स्थिर कीमतों पर 11.04% रही है।